e-mail 7/9/23

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सत्यमेव जयते

G20

जया वर्मा सिन्हा
JAYA VARMA SINHA

अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
रेलवे बोर्ड
पदेन प्रमुख सचिव, भारत सरकार
रेल मंत्रालय

CHAIRMAN & CHIEF EXECUTIVE OFFICER,
RAILWAY BOARD
EX OFFICIO PRINCIPAL SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS

5th September, 2023

Dear Railway Parivaar,

Indian Railways has a rich and enduring legacy spanning over 150 years. In recent years, we have embarked on a transformative journey marked by unprecedented investments in tracks, rolling stock, stations, and terminals.

I would like to underscore our key priorities as we collectively work towards our shared objectives, ***Indian Railways' Panch Pran***.

1. **Safety** is Paramount: We must recognize that every accident can be prevented, and it is incumbent upon us to ensure strict adherence to established safety protocols. It is imperative that we actively engage in the field, setting an exemplary standard for all.

2. **Integrity** as Public Servants: Integrity is non-negotiable in our role as public servants. We shall maintain a zero-tolerance stance towards any acts of misconduct. We shall continue to enhance transparency in our processes.

3. **Capacity** Augmentation: The Government of India has demonstrated immense confidence in Indian Railways through an investment of Rs. 2.4 lakh crore in the current fiscal. Our primary focus should be on executing projects efficiently, avoiding both time and cost overruns. This will ensure that the benefits of this substantial investment reach our ultimate customers.

4. **Revenue** Generation: Indian Railways takes pride in its ability to be financially self-sustaining. The previous financial year witnessed record-high loading and revenue figures. With almost half the year behind us, I urge each one of you to redouble your efforts to meet the targets for the current fiscal.

5. **Customer** Amenities and Experience: The services we offer should epitomize the aspirations of New India. Whether it pertains to punctuality, cleanliness, catering, or addressing customer grievances, we must strive to deliver the highest standards of service, consistently placing the customer at the forefront of our efforts.

I extend my best wishes to all of you and expect that every member of the railway family will rise to the occasion, delivering their very best for our nation.

AGM
All PHODs
All DRMs
All CWMs

1. for ~~necessary~~ action.
2. May be circulated to all officers & staff.
07/9/23

(Jaya Varma Sinha)

Rail Bhawan, Raisina Road, New Delhi-110 001.
Tel.: 011-23384010, Fax : 011-23381453, Email : crb@rb.railnet.gov.in

जया वर्मा सिन्हा
JAYA VARMA SINHA

अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
रेलवे बोर्ड
पदेन प्रमुख सचिव, भारत सरकार
रेल मंत्रालय
CHAIRMAN & CHIEF EXECUTIVE OFFICER,
RAILWAY BOARD
EX OFFICIO PRINCIPAL SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS

सत्यमेव जयते

दिनांक: 05.09.2023

प्रिय रेल परिवार,

भारतीय रेल की डेढ़ सौ वर्षों से अधिक की अत्यंत समृद्ध एवं गौरवशाली विरासत है। पिछले कई वर्षों से हम विकास के पथ पर तेजी से कदम बढ़ाते हुए रेलवे में बड़े बदलावों को परिणाम दे रहे हैं। हमने रेलपथ, चल स्टॉक, स्टेशनों और टर्मिनलों में अभूतपूर्व निवेश किया है।

हम सब **'भारतीय रेल के पाँच प्रणों'** को पूरा करने के साझा उद्देश्य के लिए कृतसंकल्प हैं, जिसमें हमारी मुख्य प्राथमिकताएँ निम्नलिखित हैं :

1. **संरक्षा** सर्वोपरि : हमें यह मानकर चलना होगा कि हर दुर्घटना रोकी जा सकती है। इसके लिए अनिवार्य है कि हम स्थापित संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। हम अपने कार्यक्षेत्र में मुस्तैदी से अपनी भूमिका निभाएँ और दूसरों के लिए मिसाल कायम करें।

2. **ईमानदारी** : लोकसेवक की भूमिका में ईमानदारी से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हमें किसी भी कदाचार के खिलाफ कड़ाई से पेश आना होगा। साथ ही, हमें अपने कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने के प्रयास जारी रखने होंगे।

3. **निवेश** कार्यान्वयन : भारत सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 2.4 लाख करोड़ रुपये के निवेश से भारतीय रेल में अपना अपार विश्वास प्रदर्शित किया है। हमें परियोजनाओं को कुशलतापूर्वक पूरा करने पर सर्वाधिक ध्यान देना होगा ताकि वे निर्धारित समय और लागत में पूरी हो सकें। यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार के उक्त विशाल निवेश का लाभ अंततः हमारे ग्राहकों को मिले।

4. **राजस्व** सृजन : भारतीय रेल को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने की अपनी क्षमता पर गर्व है। पिछले वित्त वर्ष में लदान और राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई। अब यह वर्ष लगभग आधा बीत चुका है, अतः मैं आपसे आह्वान करती हूँ कि चालू वित्त वर्ष के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए दुगुना प्रयास करें।

5. **ग्राहक** सुविधाएँ और अनुभव को बेहतर करना : हमारी सेवाएँ उच्चस्तरीय और नए भारत की आकांक्षाओं का प्रतीक होनी चाहिए। चाहे वह समय-पालन, स्वच्छता, खान-पान हो या ग्राहकों की शिकायतों का निवारण। हर क्षेत्र में हमें सेवा का उच्चतम मानक बनाए रखना होगा। ग्राहक सर्वोपरि हैं, हमें अपने प्रयासों में उन्हें सर्वोच्च स्थान देना होगा।

मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएँ देती हूँ और आशा करती हूँ कि राष्ट्र निर्माण के लिए रेल परिवार का प्रत्येक सदस्य आगे बढ़कर समस्त योगदान देगा।

(जया वर्मा सिन्हा)

Rail Bhawan, Raisina Road, New Delhi-110 001.
Tel.: 011-23384010, Fax : 011-23381453, Email : crb@rb.railnet.gov.in